प्रेस नोट
दिनांक 14.08.2024

पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा 78वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान–2024 के अवसर पर भारी पुलिस बल के साथ शहरीय क्षेत्र में राष्ट्र प्रेम का संदेश देते हुए निकाली गयी भव्य तिरंगा पद यात्रा–

गोण्डा। आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में 13 से 15 अगस्त तक मनाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान की भावना को उत्पन्न करने के लिए तिरंगा पद यात्रा निकाल कर जनपदवासियों को राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया गया। महोदय द्वारा गुरूनानक चौक से तिरंगा यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। तिरंगा पद यात्रा जोश के साथ निकाली गयी जिससे माहौल देशभक्ति के रंग में रंग गया। तिरंगा पद यात्रा गुरूनानक चौक से पीपल चौराहा, एकता चौराहा, वीर अब्दुल हमीद चौक होते हुए निकाली गयी। इस दौरान राष्ट्रीय गीत व धुनों का वादन किया गया। तिरंगा पद यात्रा का उद्देश्य आम जनमानस में राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान तथा देश भक्ति व राष्ट्रीयता की भावना जाग्रत करना है।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी नगर श्री सौरभ वर्मा, प्र0नि0 को0 नगर मनोज कुमार पाठक सहित अन्य अधि0/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस नोट

दिनांक 14.08.2024, कौडिया

जनपद गोण्डा।

थाना कौडिया क्षेत्रान्तर्गत घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे चोरी का 01 अदद मोबाइल फोन, आधार कार्ड व रूपये बरामदः-

कार्यवाहीः-

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कर्नलगंज श्री उमेश्वर सिंह के नेतृत्व में थाना कौडिया पुलिस टीम द्वारा मु0अ0स0- 211/24, धारा 331(4), 305(A), 317(2) बी0एन0एस0 से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्त रवि पुत्र तेज बहादुर सिंह निवासी ग्राम रूकमंगदपुर थाना कौडिया जनपद गोण्डा को पैडीबरा रेलवे अण्डर पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद आधार कार्ड व चोरी का 410/- रूपये बरामद कर लिया गया है।

घटना का संक्षिप्त विवरणः-

वादी श्री अजय कुमार पुत्र शेर बहादुर निवासी रूकमंगदपुर थाना कौडिया जनपद गोण्डा द्वारा दिनांक 14.082024 को थाना कौडिया पर सूचना दिये कि वह अपने परिवार के साथ घर में सो रहा था की घर के अदर की आवाज से आँख खुली को उसके गाँव का रवि घर में घुसकर चोरी कर रहा था मौके पर पकड़ लिया किन्तु अचानक वह मौका पाकर भाग गया। चोर द्वार पैन्ट के जेब से 500/- रूपये व आधार कार्ड चोरी कर ले गया है। तहरीर के आधार पर थाना कौडिया में मु0अ0स0- 211/24, धारा 331(4), 305(A) बी0एन0एस0 बनाम 01. रवि के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया । आज दिनाकं 14.05.2024 को थाना कौडिया पुलिस द्वारा अभियुक्त रवि पुत्र तेज बहादुर सिंह निवासी ग्राम रूकमंगदपुर थाना कौडिया जनपद गोण्डा को पैडीबरा रेलवे अण्डर पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 01 अदद मोबाइल फोन, 01 अदद आधार कार्ड व चोरी का 410/- रूपये बरामद कर लिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कौडिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. रवि पुत्र तेज बहादुर सिंह निवासी ग्राम रूकमंगदपुर थाना कौडिया जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0स0- 211/24, धारा 331(4), 305(A), 317(2) बी0एन0एस0 थाना कौडिया जनपद गोण्डा।

बरामदगी-

01. 01 अदद मोबाइल फोन ।
02. आधार कार्ड
03. चोरी का 410/- रूपये बरामद

गिरफ्तार कर्ता टीम-

01. उ0नि0 सुनील कुमार सिंह
02. का0 संदीप सिंह
03. का0 अनुज कुमार

मीडिया सेल, गोण्डा